<u>प्रेस नोट</u>

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 13.09.2025

- **थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम गांजा नाजायज (कीमत लगभग 30000/- रुपये) किया गया बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 12.09.2025 को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति गांजा लेकर सट्टी की ओर जा रहा है, यदि जल्दी की जाये तो पकड़ा जा सकता है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त गोविन्द यादव पुत्र रामगोपाल निवासी जहाँगीरपुर, थाना सट्टी, जनपद कानपुर देहात को 01 किलो 200 ग्राम गांजा नाजायज के साथ दिनांक 12.09.2025 को समय करीब 22:55 बजे पुराना औरैया रोड मोड़ सट्टी की तरफ भोगनीपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 301/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम-पता-

गोविन्द यादव पुत्र रामगोपाल, उम्र करीब 38 वर्ष, निवासी जहाँगीरपुर, थाना सट्टी, जनपद कानपुर देहात।

पूछताछ विवरण-

पूछताछ करने पर अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि मैं अलग-अलग जगहों से गांजा खरीद कर लाता हूँ और रात्रि में जगह-जगह गांजा पीने वालों को बेच देता हूँ। इससे जो पैसे मिलते हैं उन्हीं से मैं अपने घर का खर्चा चलाता हूँ। आज भी मैं गांजा बेचने के लिये जा रहे था कि तभी आप लोगों ने पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण-

01 किलो 200 ग्राम गांजा नाजायाज (कीमत लगभग 30000/- रुपये)।

अभियुक्त गोविन्द यादव उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 301/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना भोगनीपुर पुलिस